
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,9 मई 2026


## सुविचार



यह भयावह रूप से स्पष्ट हो चुका है कि हमारी तकनीक हमारी मानवता की सीमाएं पार कर चुकी हैं।

- अल्बर्ट आईन्सटीन


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- इज्जतनगर में ट्रेनी सब इंस्पेक्टर 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार-II
- श्मशान भूमि क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण से कई ट्रेनें रहेंगी शॉर्ट टर्मिनेट-III
- स्वच्छ विद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की होते हैं नींव-IV


# गंगा एक्सप्रेस वे के सफर पर बरेली-बदायूं रोड का ग्रहण, दिन-रात जाम

ग्राउंड रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** गंगा एक्सप्रेस वे शुरू होने के बाद भी मथुरा रोड की अड़चनें प्रयागराज और मेरठ को बरेली के करीब नही आने दे रहीं। बरेली-बदायूं मार्ग के चौड़ीकरण में देरी, जगह-जगह खतरनाक डाइवर्जन और रास्ते पर धूल के गुबार सुबह से रात तक जाम का कारण बन रहे हैं। हालात इतने बुरे कि जितना समय एक्सप्रेस वे के जरिए दिल्ली-लखनऊ का सफर करने में लग रहे हैं, उससे ज्यादा टाइम बिनावर तक पहुंचने में खर्च हो रहा है। एनएचएआई यात्रियों की सुविधा के लिए खेद तो जता रहा है मगर निर्माण एजेंसी की ढिलाई पर ब्रेक नहीं लगा पा रहा।

प्रयागराज-और मेरठ को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे ने बरेली-पीलीभीत को सुपर स्पीड सफर के हसीन सपने तो दिखाए हैं मगर बदायूं रोड चौड़ीकरण योजना की दुश्वारियों ने उम्मीदों पर ग्रहण लगाने का काम किया है। बेतरतीब डायवर्जन से लगने वाले जाम और धूल में दबी सड़क सबको संकट में डाल रही है। बरेली से दिल्ली या लखनऊ जाने के लिए वाहन सवार एक्सप्रेस-वे का रुख तो कर रहे हैं, पर बिनावर कट तक पहुंचने में ही सबका पसीना छूट रहा है। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को बरेली से बिनावर तक पड़ताल की तो जगह-जगह खतरनाक स्थिति कैमरे में कैद हुई। हकीकत ये है कि रास्ते भर जगह-जगह डाइवर्जन के चलते वाहन जितने कम समय एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरकर बिनावर से मेरठ पहुंच रहे हैं, कई बार उतना समय तो जाम में फंसकर बिनावर से बरेली तक पहुंचने में ही लग रहा है।



हाईवे पर चांडपुर डाइवर्जन पर जाम के चलते रेंगते वाहन। ● अमृत विचार



हरीयाली खत्म कर चौड़ा किया जा रहा हाईवे। ● अमृत विचार



हाईवे चौड़ीकरण में लगे मजदूर। ● अमृत विचार

**594** किमी गंगा एक्सप्रेस वे की लंबाई

**37** किमी बरेली महानगर से बिनावर कट की दूरी

**40** फीसदी हो सका अभी तक चौड़ीकरण कार्य

**2027** तक चौड़ीकरण करने का लक्ष्य

### मथुरा रोड का चौड़ीकरण अभी कछुआ चाल

बरेली-मथुरा राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम काफी स्लो है। एनएचएआई ने इसे फोरलेन बनाने की मंजूरी तो तीन साल पहले दे दी थी, लेकिन धरातल पर पैकेज-4 यानी बरेली-बदायूं के बीच हिस्से में काम समय के हिसाब से पूरा नहीं होता दिख रहा। बिनावर तक 10 से अधिक जगहों पर बेतरतीब डाइवर्जन किए गए हैं, जो बहुत खतरनाक हैं। अधूरे पांच पुल और निर्माणाधीन अंडरपास मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। मानकों की अनदेखी भी होती दिख रही है। खोदी गई मिट्टी पर पानी का छिड़काव नहीं कराने से धूल के गुबार आफत बन रहे हैं। ऐसे में बरेलियंस के लिए एक्सप्रेस-वे पकड़कर समय की बचत करना सपना ही बनकर रह गया है।

> बरेली-मथुरा हाईवे के चौड़ीकरण के पैकेज-4 की प्रगति पर नियमित नजर रखी जा रही है। निर्माण के दौरान यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए संबंधित ठेकेदार को डाइवर्जन पॉइंट्स पर सुरक्षा मानकों का ख्याल रखते हुए इंतजाम बढ़ाने और धूल से राहत के लिए नियमित पानी के छिड़काव के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि पुलों और अंडरपास का काम तेजी से पूरा हो सके।
>
> **- उत्कर्ष शुक्ल**, परियोजना निदेशक एनएचएआई

प्रयागराज-मेरठ एक्सप्रेस-वे की रफ्तार का क्या फायदा, जब बरेली से बिनावर तक का रास्ता जगह-जगह डायवर्जन और जाम की वजह से नरक बन चुका है। बरेली-मथुरा हाईवे के चौथे चरण में काम की गति इतनी सुस्त है कि लगता नहीं काम निर्धारित समय में पूरा होगा।



**-आदेश**, भमोरा

जितना वक्त एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने के बाद दिल्ली पहुंचने में लगता है, उतना समय तो हमें बरेली से बिनावर तक जाने में लग रहा। प्रशासन को चाहिए बदायूं हाईवे के चौड़ीकरण के काम में तेजी लाए ताकि बरेली वालों को भी एक्सप्रेस-वे का असली लाभ मिल सके।



**-रंजीत सिंह**, बिनावर



बदायूं रोड की समस्या बर्दाश्त से बाहर है। जगह-जगह डायवर्जन की वजह से दिन भर जाम लगा रहता है। न तो ग्राहकों के आने का रास्ता बचा है और न ही हम चैन से सांस ले पा रहे हैं। रफ्तार के चक्कर में बदायूं रोड का पूरा कारोबार और यातायात चौपट हो गया है।

**-अमरदीप**, बदायूं



गंगा एक्सप्रेस-वे हमारे शहर के लिए गेम-चेंजर है, लेकिन इसमें बदायूं रोड फिलहाल सबसे बड़ी बाधा है। डायवर्जन और सुस्त निर्माण प्रक्रिया की वजह से बरेली के लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। एक्सप्रेस-वे रफ्तार का सपना अभी अधूरा है।

**- राजेश,मकरंदपुर**, बदायूं

## सिटी ब्रीफ

### रामायण आवास कॉलोनी में बंद रास्ता खुलवाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** रामायण आवास कॉलोनी के निवासियों ने बरेली विकास प्राधिकरण से अवैध निर्माण हटाकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि स्वीकृत मानचित्र के तहत निर्धारित मार्ग पर कब्जा कर निर्माण कर दिया गया है। पहले भी बीडीए द्वारा निर्माण ध्वस्त किया गया था और सीलिंग की कार्रवाई भी हुई थी, लेकिन दोबारा अवैध निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया।

### प्रधान सहायकों का वेतनमान बढ़ाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेंशनर्स ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बरेली मंडल में कार्यरत प्रधान सहायकों का वेतनमान 4800 रुपये ग्रेड पे में उच्चीकृत किए जाने की मांग उठाई है। संगठन के जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह पटेल ने अधीक्षण अभियंता को पत्र भेजकर कहा कि लंबे समय से मामला लंबित होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप लगाया कि शासन स्तर से पत्राचार होने के बाद भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

### डीएम से लगाई गन्ना भुगतान कराने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र के किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गन्न भुगतान जल्द दिलाने की मांग उठाई है। नानकपुर निवासी सुभादीप सिंह समेत कई किसानों ने जनता दर्शन में शिकायत की कि खेती की लागत, खाद-बीज का खर्च, बैंक ऋण की किश्तें और घरेलू जरूरतों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। भुगतान में देरी उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित अधिकारियों और चीनी मिल प्रबंधन को भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश देने की मांग की।

## शहर में आज

- भाज -वेकुंड धाम चैरिटेबल ट्रस्ट झंडेवाला द्वारा नि :शुल्क मेडिकल कैंप बाबा पीर रतन नाथ दरगाह मंदिर शाहदाना कॉलोनी में सुबह 9 बजे से 12 बजे
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में सुबह 10 बजे
- रोहिलखंण्ड मेडिकल कालेज में दो दिवसीय फैक्टली नाइट वालीबाल टूर्नामेन्ट शाम 7 :30
- महाराणा प्रताप स्मारक समिति द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती महानगर टाउनशिप में महाराणा प्रताप चौक पर शाम 7 बजे

# नरियावल में आईपी इन्वेस्टीगेशन टीम का छापा, गोदाम से भारी मात्रा में तेल पकड़ा

## फर्जी ब्रांड के नाम से ऑयल बेचे जाने की शिकायत पर कार्रवाई, पुलिस के साथ रात तक जांच जारी

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचारः** बाजार में ब्रांड के नकली उत्पादों को लेकर कार्रवाई करने वाली इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इन्वेस्टिगेशन विंग ने पुलिस व प्रशासनिक टीमों के साथ मिलकर नरियावल में छापेमारी की है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में कथित रूप से रिफाइंड के नाम पर बनाए जा रहे नकली ऑयल पकड़े जाने की खबर है। देर रात तक टीमें मौके पर मिले माल का गणित लगाने में जुटी नजर आईं। टीम ने मौके गोदाम को अपनी निगरानी में ले रखा है और हर आने जाने वाले की मॉनीटरिंग की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, नरियावल स्थित एक कंपनी के गोदाम में कथित रूप से नकली ऑयल बनाए जाने की शिकायत आईपी इन्वेस्टीगेशन टीम को मिली थी। टीम ने कार्रवाई के लिए अफसरों से मदद मांगी। पुलिस बल उपलब्ध होने के बाद टीम ने नरियावल स्थित एक ट्रेडर्स के गोदम पर छापे की कार्रवाई की। टीम से जुड़े लोगों का कहना है कि मौके से भारी मात्रा में नकली रिफाइंड ऑयल से भरे टीन पकड़े गए। टीन पर ट्रेडर्स ने अपने स्लोगन छपवा रखे थे। बाजारों में उनको गलत तरीके से सप्लाई किया जा रहा था। टीम ने करीब कई घंटे गोदाम में मिले टीनों की गिनती की और ब्रांड स्टीकरों की जांच की। तेल के नमूने भी लिए गए। टीम के सदस्यों ने बताया कि मौके से मिला तेल हजारों लीटर की मात्रा में होने का अनुमान है। रात तक टीम जांच में जुटी थी।



शुक्रवार को बाहर से पहुंची टीम शाम तक जांच में जुटी रही।

### डेढ़ घंटा बाद गोदाम के बाहर ही खड़ी रही टीम

टीम के सदस्यों का कहना है कि पुलिस की मदद से शाम पांच बजे जब गोदाम पर पहुंचे तो मेन गेट पर ताला लगा मिला। गोदाम मालिक डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचे। तब तक टीम गोदाम के बाहर इंतजार करती रही। बाद में गोदाम मालिक अपने अधिवक्ता के साथ चाबी लेकर वहां आए, तब अंदर एंट्री लेकर जांच शुरू की गई। आरोप है कि गलत तेल का धंधा का लंबे समय से चल रहा था। लोकल स्तर पर इसकी सम्बंधित अमले को भनक नहीं थी। गोदा में तेल के टैंकर आते देखे जाते थे। गोदाम के बाहर से पाइप लाइन के जरिए गोदाम अंदर पहुंचाया जाता था। गोदाम का गेट बंद दिखता था।

> नकली ब्रांड बेचे जाने की शिकायत एजेंसी को मिली थी, सम्बंधित एजेंसी ने कार्रवाई के लिए हमसे संपर्क किया था। जिसके बाद सहयोग के लिए बिथरी थाने से पर्याप्त पुलिस बल टीम को उपलब्ध करा दिया गया है। जांच में जैसा सामने आएगा, तथ्यों के आधार पर वैसी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अनुराग आर्या**, एसएसपी बरेली

# पुलिस की मौजूदगी में बनाई जाएगी वर्कशॉप की दीवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दीवार को लेकर नगर आयुक्त से मिले रोडवेज के एआरएम
- बुधवार को दीवार के निर्माण का लोगों ने किया था विरोध

**अमृत विचारः** रोडवेज वर्कशाप की दीवार कर निर्माण अब पुलिस की मौजूदगी में कराया जाएगा। बुधवार को नगर निगम की जमीन बताकर लोगों ने निर्माण रुकवा दिया था। गुरुवार को एआरएम ने नगर आयुक्त से मुलाकात की।

रोडवेज वर्कशाप की दीवार बुधवार को गिर गई थी। गुरुवार को परिवहन निगम की तरफ से दीवार का निर्माण शुरू कराया गया तो लोगों ने नगर निगम की जमीन बताकर निर्माण रुकवा दिया था। मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। उसके बाद नगर निगम की टीम और बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन देर शाम तक निर्माण शुरू नहीं हो सका। शुक्रवार को एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से दीवार निर्माण को लेकर बात की। एआरएम का कहना है कि नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य को हामी भर दी है। शनिवार से बारादरी पुलिस की मौजदूगी में निर्माण कराया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से टीन शेड से दीवार गिरे हुए हिस्से को ढक दिया गया है।

### सड़क पर निकला 15 फीट अवैध कब्जा

ईसाइयों की पुलिया से कटरा चांद खां मार्ग पर रोडवेज वर्कशॉप की दीवार गिरने के बाद नगर निगम की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। सहायक अभियंता मुकेश शाक्य ने बताया कि नक्शे में सड़क की चौड़ाई 43 फीट दर्ज है, जबकि मौके पर मात्र 28 फीट ही मिली है। जांच में सड़क के दोनों ओर 15 फीट कब्जा पाया गया है, जिसमें रोडवेज वर्कशॉप का कुछ हिस्सा भी शामिल है। अवैध कब्जे की पुष्टि होने के बाद निगम ने फिलहाल वहां चल रहा निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

# नवाबगंज की गोशाला में 54 गोवंशों की मौत, जांच में सामने आई हकीकत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीडीओ को सौंपी गई जांच रिपोर्ट, मृत गोवंश को जिंदा दिखाने का खेल उजागर
- पिछले साल 17 शव मिलने के बाद शुरू हुई थी जांच, अब सामने आई हकीकत
- ग्राम प्रधान पहले से निलंबित सचिव, बीडीओ और वेटेनरी अफसर को नोटिस

**अमृत विचार :** नवाबगंज स्थित वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र मधुनगला में गोवंश की सुरक्षा और देखरेख में गड़बड़ी सामने आई है। जिला स्तरीय टीम की जांच खुलासा हुआ है कि अगस्त 2025 से अप्रैल 2026 के बीच यहां भूख और कुपोषण के चलते 54 गोवंशों की मौत हो गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि पशु चिकित्साधिकारी की ओर से 54 मौतों का प्रमाण पत्र जारी करने के बावजूद सरकारी लॉग बुक पंजिका में केवल पांच गोवंशों की मृत्यु दर्ज की गई। आंकड़ों की बाजीगरी जिला विकास अधिकारी दिनेश यादव और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनमोहन पांडेय की संयुक्त जांच में सामने आई तो विभागों में हड़कंप मचा है।

अफसरों की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गोशाला में चारे और भूसे का भारी संकट है, जिसके कारण 30 से 40 गोवंश कंकाल में तब्दील होकर कुपोषण का शिकार हो चुके हैं। पिछले साल अगस्त में गोशाला के बाहर 17 शव मिलने के बाद से ही यह गो आश्रय केंद्र रडार पर था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अगस्त में 9, दिसंबर में 10 और अकेले अप्रैल 2026 में 16 गोवंश काल के गाल में समा गए। जब अधिकारियों ने लॉग बुक और मृत्यु प्रमाण पत्रों में विसंगति पर सवाल किया, तो ग्राम प्रधान, डॉक्टर और केयरटेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। डीडीओ दिनेश यादव ने बताया कि विस्तृत रिपोर्ट सीडीओ को भेज दी गई है। वहीं, वित्तीय अनियमितता और गोवंशों के संरक्षण में विफल रहने पर ग्राम प्रधान को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं, मामले में संलिप्त बीडीओ, एडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। गौरतलब है कि सचिव को पूर्व में भी निलंबित किया जा चुका था, लेकिन वह कोर्ट से स्टे ले आईं।

# बांग्लादेशी संगठन के हस्तक्षेप पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली,अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी के नेता नूरुल हुदा के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत के अंदरूनी मामलों में किसी भी विदेशी संगठन या नेता का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मौलाना ने कहा कि जमात नेता द्वारा ममता बनर्जी से पश्चिम बंगाल को आजाद घोषित करने की मांग करना भड़काऊ बयान है। भारत का मुसलमान ऐसे बयानों को स्वीकार नहीं कर सकता। 1971 में भारत ने बांग्लादेश को पाकिस्तान के दमन से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। आज उसी बांग्लादेश के कुछ नेता पश्चिम बंगाल को लेकर भड़काऊ बयान दे रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो दिन में पेंडेंसी खत्म करने के अफसरों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक कर नाराजगी जताई। तहसील नवाबगंज के तिकुनिया गांव में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने तहसीलदार नवाबगंज और संबंधित लेखपाल को सुधार के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शासन की प्राथमिकता वाली योजना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को नियमित समीक्षा बैठक कर लेखपालों के कार्यों की मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही जिन क्षेत्रों में प्रगति धीमी है, वहां विशेष अभियान और कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण तेजी से कराने को कहा। बैठक में तहसील नवाबगंज और बहेड़ी में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर संबंधित उप जिलाधिकारियों को अलग से समीक्षा बैठक कर सुधार के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा मुख्यमंत्री स्तर से की जा रही है, इसलिए सभी लंबित कार्य दो दिनों में हर हाल में पूरे कराए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडे सहित सभी तहसीलदार मौजूद रहे।



फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते डीएम अविनाश सिंह।

# गन्ना बकाया और पशुओं को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी पार्क, चौकी चौराहा पर सपा नेताओं के साथ किसानों ने गन्ना भुगतान, बंद पड़ी नवाबगंज चीनी मिल, आवारा पशुओं और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद आयुक्त बरेली मंडल को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल को सौंपा।

पूर्व मंत्री ने कहा कि नवाबगंज की ओसवाल चीनी पर करीब 72 करोड़ रुपये और बहेड़ी चीनी मिल पर 138 करोड़ रुपये का बकाया है। यह भुगतान न मिलने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। आवारा पशुओं की समस्या को लेकर भी प्रशासन को घेरा। कहा कि दिन-रात खेतों में पशु फसलें बर्बाद कर रहे हैं। किसान पूरी रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु हादसों का कारण भी बन रहे हैं। राशन वितरण में अवैध वसूली, जबरन सामान थोपने और राशन कार्ड बनवाने-कटवाने में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज में लापरवाही और तहसीलों में विरासत दर्ज कराने के नाम पर रिश्वतखोरी का मुद्दा भी उठाया गया। चेतावनी दी कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



सपाइयों और किसानों के साथ प्रदर्शन करते भगवत संरन गंगवार। ● अमृत विचार

- सपा के पूर्व मंत्री भगवत सरन के नेतृत्व में किसानों ने अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# रिक्त पार्षदों पदों की सूचना भेजने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के रिक्त पार्षद और स्थानीय निकायों के अन्य खाली पदों पर उपचुनाव कराने की कवायद तेज हो गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक अनुस्मारक पत्र जारी कर प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय बरेली को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दरअसल, पार्षद और कार्यकारिणी समिति सदस्य सतीश चंद्र कातिब (मम्मा) की ओर से उपचुनाव की बार-बार मांग की जा रही थी। पूर्व में भी निदेशालय को सूचना भेजी गई थी, लेकिन पदों के अधिसूचित न होने के कारण चुनाव प्रक्रिया अटकी हुई है। उप जिला निर्वादन अधिकारी व एडीएम एफआर संतोष सिंह ने शुक्रवार को भारी अधिकारी को रिक्त पदों का विवरण निदेशक स्थानीय निकाय, लखनऊ को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से नहीं मिल रही निजात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में बिजली कटौती गहराती जा रही है। शुक्रवार को भी शहर के कई इलाकों के लोग लोकल फाल्ट, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से जूझते रहे। विभागीय हेल्पडेस्क पर दिन भर शिकायतें आती रहीं।

किला सबस्टेशन से जुड़े घेर शेख, बाकरगंज और हुसैन बाग समेत कई क्षेत्रों में फेस नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं दुर्गानगर और शहदाना सबस्टेशन के इलाकों में भी लोकल फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सिविल लाइंस क्षेत्र में बार-बार वोल्टेज कम-ज्यादा होते रहे। राजेंद्रनगर इलाके में शुक्रवार शाम अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

महानगर सबस्टेशन से जुड़े आशुतोष नगर और शाकुंतला मौर्य नगर में भी लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। संजयनगर बाईपास फीडर पर नया ट्रांसफार्मर रखने के चलते दुर्गानगर सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में दो घंटे से अधिक का शटडाउन रहा। रामपुर गार्डन, हरुनगला, डीडीपुरम और किला हेल्पडेस्क पर भी बिजली संकट से संबंधित शिकायतें लगातार पहुंचती रहीं। उधर बनखंडी नाथ मंदिर में हो रहे निर्माण को लेकर ऊपर से गुजर रही डेट लाइन को हटाने की मांग की गई है।

## स्टेट ब्रीफ

### प्रशासन ने की स्वगणना की समीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना 2027 के तह स्वगणना अभियान को गति देने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने कहा कि जिन विभागों में कर्मचारियों की संख्या अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाकर प्रगति बढ़ाई जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, सिविल डिफेंस और एनआरएलएम समेत कई विभागों को लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। स्वगणना अभियान के पहले दिन 250 लोगों ने स्वयं गणना की। दूसरे दिन लगभग सात हजार लोगों ने स्वयं गणना में हिस्सा लिया।

### एक और युवती ने हिन्दू धर्म ग्रहण किया

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में एक और युवती ने हिन्दू धर्म ग्रहण किया है। बरेली के रहने वाले रितिक ने बताया कि वह दिल्ली में काम करता था। वहां शिफा से प्यार हो गया। उन्होंने शादी कर ली और साथ रहने लगे। कुछ समय बाद युवती का परिवार बरेली आ गया। पिता की तबियत खराब होने की बात कहकर परिवार ने उसे बंधक बना लिया गया। कुछ दिन पहले भागकर उसके पास आ गई। शुक्रवार को दोनों ने सुभाषनगर स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में सात फेरे लिए। पंडित केके शंखधार शिफा को हिंदू धर्म ग्रहण कराया। अब उसकी पहचान शिखा के रूप में होगी।

### नगर निगम के चालक ने की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडेय ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र महेश सिंह निवासी सिविल लाइन नगर निगम में चालक था। शुक्रवार को सुरेश ने मकान की छत पर लगे पाइप के सहारे कपड़े से फंदा लगा लिया।

### आपत्तिजनक फोटो डालने से आक्रोश

**बरेली, अमृत विचार :** हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम नरई निवासी एक सफाईकर्मी ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री की भ्रामक तस्वीर वायरल कर दी। गुस्साए हिंदू संगठनों ने कार्रवाई की मांग की है।

# धर्मस्थलों से उठा शोर, जनगणना पर सबका जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्टीय महत्व से जुड़ी जनगणना- 2027 का अभियान के समर्थन में धर्मगुरुओं ने मिलकर एक जैसी आवाज उठाई है। मंदिर, मस्जिद हों या गुरुद्वारे और चर्चा, सभी जगह से यही अपील की जा रही है कि सेल्फ गणना-जनगणना में हर परिवार भागदारी बने और कोई घर गणना से छूटने न पाए। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद सिविल लाइंस की मस्जिद व दरगाह में नमाजियों को इमाम ने राष्ट्रीय महत्व के अभियान के बारे में जागरुक किया इस में भागीदार बनने की अपील की।

सिविल लाइंस नोमहला स्थित मस्जिद में जनगणना एवं स्व-गणना के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी मरकजी ने लोगों से कहा कि जनगणना का कार्य समय से पूरा करें। उन्होने मस्जिद में मौजूद लोगों से कहा कि जनगणना के सिलसिले में घरों पर पहुंचने वाली टीमों का हर संभव सहयोग किया जाए। नायब इमाम मौलाना हसन ,सूफी वसीम मियां साबरी, शाहिद रजा नूरी, फाजिल खान ने भी लोगों को जनगणना के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने कहा कि देश के विकास की योजनाओं का लाभ सही तरीके से पाने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। हर किसी को ऑनलाइन स्व-गणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।


नगर निगम में स्वगणना करते मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

### मेयर ने पार्षदों को सौंपा जागरुकता का जिम्मा

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में शुक्रवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेयर ने स्व-गणना की शुरुआत कराई। पहले दिन 3 हजार से ज्यादा लोगों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया। नगर निगम की ओर से अभियान में 300 सदस्यीय टीमों को जुटाया गया है। मेयर ने कहा कि जनगणना केवल सांख्यिकीय कार्य नहीं है, बल्कि देश के भविष्य और विकास योजनाओं के निर्धारण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने इस कार्य में पार्षदों से जुटने को कहा। बैठक में कर्मचारियों को स्व-गणना के तकनीकी पहलुओं और इसके महत्व के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि आमजन को इस राष्ट्रीय अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा और ईमानदारी से अपनी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध करा सके।

### पुलिसकर्मी स्वगणना पूरी करें: पारीक

बरेली। पुलिस महकमे के सभी कर्मचारी स्व गणना में शामिल होकर राष्ट्रीय अभियान में अपनी भागीदार दें, इसके लिए अफसरों ने अपील जारी की है। बरेली जिले में छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी कायरत हैं। सभी से कहा गया है कि ऑनलाइन घर बैठे अपने परिवार और आवास संबंधी विवरण दर्ज कर स्व गणना का कार्य प्राथमिकता से पूरा करें। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि सभी पुलिसकर्मियों को सेल्फ गणना के लिए निर्देश दिए गए है। सभी परिवारों को इस बारे में जानकारी दी गई है, ताकि कोई जनगणना से न छूटे।

### बीडीए अफसरों ने दिया स्व-जनगणना अभियान पर जोर



**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्व-जनगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने ऑनलाइन स्व गणना भी पूरी की। बीडीए सचिव ने कहा कि स्व-गणना अभियान का उद्देश्य लोगों को डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी स्व-गणना के प्रति जागरूक करें।

## धर्मगुरुओं की अपील



जनगणना राष्ट्रीय हित से जुड़ा कार्य है और इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। हिन्दू धर्म गुरु होने के नाते उनका कहना है कि इस राष्ट्रीय कार्य में उनके स्तर से भरपूर सहयोग किया जाएगा। सनातन सर्वदेव मंदिर में पूजा-अर्चना को आने वाले श्रद्धालुओं को भी इस बारे में जागरुक किया जा रहाहै। सबका को यह प्रयास करना चाहिए कि कोई भी परिवार जनगणना से छूटने न पाए। सरकार के साथ यह हम सबकी भी जिम्मेदारी है।

**-पंडित सुशील पाठक**, महंत



सभी लोगों से अपील है कि वह जनगणना कार्मिकों को परिवार और घर से जुड़ी सही जानकारी दें। जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और स्व-गणना जो 7 मई से 21 मई 2026 तक संचालित है। मस्जिद के इमाम और जिम्मेदार लोग भी इस बारे में अन्य लोगों को जागरुक करके जनगणना में सहभागिता करें। देश हित में यह कार्य बेहद जरूरी है।

**-मौलाना शहाबुद्दीन रजवी**, अध्यक्ष ऑल इंडिया मुस्लिम जमात



जनगणना केवल जनसंख्या के आंकड़े जुटाने का अभियान नहीं है, बल्कि यह भविष्य के समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार भी है। लोगों से अपील की गई है कि वह घर पर आने वाली जनगणना टीम को सही और तथ्यात्मक जानकारी साझा करें। सेल्फ गणना में भी भागीदारी बनें, ताकि अभियान का काम पूरा हो सके।

**-ज्ञानी सरदार काला सिंह**



इस समय जनगणना चल रही है। सही संख्या जनगणना से ही सामने आएगी। सभी लोगों को इस अभियान में सहयोग करना चाहिए। स्व-गणना के लिए हर परिवार आगे आए और समय पर ऑनलाइन फीडिंग का काम पूरा करके अभियान को आगे बढ़ाएं। इससे जुड़ीं जानकारियां एक दूसरे से साझा करें, ताकि कहीं भी कोई परेशान न हो।

**-डा. विलियन्स सैमुअल**, पादरी

# इज्जतनगर में ट्रेनी सब इंस्पेक्टर 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

## मुकदमे में मदद के नाम पर महिला से ली थी रिश्वत, एंटी करप्शन ने रंगे हाथ पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैरियर टू चौकी पर तैनात दरोगा विमल चौहान पर कसा शिकंजा
- लखनऊ के रहने वाले एसआई को मृतक आश्रित में मिली थी नौकरी

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने इज्जतनगर थाने में तैनात ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार की लिया। मृतक आश्रित कोटे से पुलिस में भर्ती हुए दरोगा ने मुकदमे में मदद के नाम पर एक महिला से घूस ली थी। शिकायत पर टीम ने उस पर शिकंजा कस दिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।


पकडा गया दरोगा।

यूनिट प्रवक्ता के अनुसार, इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वालीं एंजिला मैसी ने शिकायत की थी कि पीलीभीत रोड स्थित बैरियर टू चौकी पर तैनात ट्रेनी सब इंस्पेक्टर विमल चौहान मुकदमा निस्तारण के नाम पर उससे रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसके बाद एंटी करप्शन ने कार्रवाई के लिए जाल बिछाया। योजना के अनुसार, महिला से जैसे ही घूस के रूप में 10 हजार रुपये लिए, पहले से मुस्तैद टीम ने दरोगा को रंगेहाथ दबोच लिया। कार्रवाई चौकी स्टाफ में हड़कंप मच गया। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी दरोगा को सीबीगंज थाने ले गई, जहां उससे रात तक पूछताछ की जाती रही। बताया गया है कि आरोपी दरोगा मूल रूप से लखनऊ का रहने वाला है और मृतक आश्रित कोटे में भर्ती हुआ है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी तय मानी जा रही है। पूर्व में दरोगा को लेकर कई तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं।

### जनवरी से अब तक पकड़े गए 10 कर्मचारी

एंटी करप्शन यूनिट इस साल जनवरी से अब तक बरेली-मुरादाबाद मंडल में अलग-अलग विभागों के 10 कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर चुकी है। संगठन के रिकॉर्ड के अनुसार, भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व, शिक्षा और पुलिस महकमे से जुड़ी मिल रही हैं। शिकायतों के आधार पर लगातार रिश्वतखोरी के मामलों में कार्रवाई की जा रही है।

## आईजीआरएस में बरेली रेंज ने प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

**बरेली, अमृत विचार:** डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में जनसुनवाई समाधान प्रणाली के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में अप्रैल की रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही परिक्षेत्र के कुल 89 थानों ने भी प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस के तहत बेहतर प्रदर्शन करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार एवं आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जहां काम संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की समीक्षा और सुधारात्मक कदम की बात कही गई।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 नम्रता अग्रवाल ने 13 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी वीर सिंह को 3 वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की आधी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाएगी। मामला जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जहां 31 जुलाई 2019 की रात आरोपी व्यक्ति ने सोते समय किशोरी के साथ अश्लील हरकतें की थीं।

सरकारी वकील राजीव तिवारी ने कोर्ट में पांच गवाह पेश किए, जिसके आधार पर कोर्ट ने घर में घुसकर छेड़छाड़, धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को दंडित किया।

### दुष्कर्म में बुजुर्ग की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी जयदेव (82) को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 हेमेंद्र कुमार सिंह ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला भुता थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़िता के पिता को अपने मोबाइल में एक घिनौनी वीडियो मिली थी, जिसमें बुजुर्ग आरोपी बच्ची के साथ कुकर्म कर रहा था। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने दलील दी कि आरोपी ने मासूमियत का फायदा उठाकर गंभीर अपराध किया है। वीडियो साक्ष्य और अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी को जेल में ही रखने का आदेश दिया।

# स्कूल हादसे में मैनेजर गिरफ्तार, छात्र का अंतिम संस्कार

संवाददाता, भुता

- भुता के अदीनापुर में छात्र की कुएं में डूबने से हुई थी मौत
- परिजनों ने प्रबंधन पर लगाया था लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** ग्राम अदीनापुर में छात्र की कुएं में डूबकर हुई मौत के मामले में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। स्कूल प्रबंधक की गिरफ्तारी की मांग कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बंधक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई।


छात्र लविश।

ग्राम अंगदपुर निवासी टिंकू बाबू का बेटा लविश गुरुवार को ग्राम अदीनापुर में आत्मानंद विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ने गया था। इंटरवेल में विद्यालय के बराबर बने कुएं में गिरकर उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को छात्र के परिजनों ने अंतिम संस्कार करने इंकार कर दिया और प्रबंधक को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। पुलिस ने स्कूल प्रबंधक चिरौंजी लाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने आरोपी प्रबंधक को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। एसपी नार्थ अंशिका वर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।



कुएं में गिरकर छात्र की मौत के मामले में पकड़ा गया स्कूल प्रबंधक। ● अमृत विचार

### गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**विधि संवाददाता, बरेली :** अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-5 संतोष कुमार यादव ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी संतोष कुमार की दूसरी अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है। देवरनिया के ग्राम बैकरनन्दा निवासी तोष कुमार पर आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते गजेन्द्र नामक युवक की गर्दन पर चाकू से वार किया और उसकी पसली तोड़ दी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने कोर्ट को बताया कि आरोपियों ने घर में घुसकर न केवल युवक की हत्या का प्रयास किया, बल्कि परिजनों से भी मारपीट की। पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल होने के बाद कोर्ट ने आरोपी के आपराधिक कृत्य को देखते हुए राहत देने से इनकार कर दिया।

## बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखा कारोबारी से ऐंठे 90 हजार रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** एक कारोबारी को साइबर ठगों ने बेटे को रेप केस में फंसाने का डर दिखाकर 90 हजार रुपये की ठगी कर ली। थाना सुभाषनगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मढ़ीनाथ के राकेश यादव ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल की सुबह मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस इंस्पेक्टर संजय वर्मा बताते हुए कहा कि उनका बेटा वर्धा (महाराष्ट्र) में रेप केस में गिरफ्तार हुआ है और उसके मोबाइल फोन में लड़की की फोटो मिली हैं। मामले को निपटाने लिए दो लाख की मांग की। बेटे को बचाने की चिंता में उन्होंने दो बार में 50 हजार और 40 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने फिर रुपये मांगे तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ और पुलिस से शिकायत की।

# मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा के भतीजे अंकुर अचानक लापता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मीरगंज सीट से भाजपा विधायक डॉ. डीसी वर्मा के भतीजे अंकित वर्मा के रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं। अंकित भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस कॉलेज में एम. फार्मा के छात्र हैं और गुरुवार शाम से उनका पता नहीं लग रहा। परिवार ने भोजीपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है, जिसके बाद से पुलिस टीमें अंकित की खोजबीन में जुटी हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है।


लापता अंकुर वर्मा। ● अमृत विचार

- भोजीपुरा के मेडिकल कॉलेज में एम फार्मा के छात्र हैं अंकित वर्मा

पुलिस के अनुसार, अंकित वर्मा मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा के छोटे भाई रामप्रकाश वर्मा के पुत्र हैं। परिवार पीलीभीत में थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव अमखिरिया का निवासी है। पिता रामप्रकाश वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके 24 वर्षीय पुत्र अंकित वर्मा कॉलेज के हॉस्टल में रहकर एम फार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं। सात मई की शाम अंकित मंदिर जाने की कहकर निकले था। रात नहीं लौटे। रिश्तेदार, दोस्त और परिचितों से संपर्क किया मगर पता नहीं चल सका। पिता ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है। अंकित के गायब होने से परिवार और रिश्तेदार चिंता में हैं।

### होस्टल में ही मिला छात्र का मोबाइल

पुलिस को अंकित का मोबाइल हॉस्टल के रूम में ही मिला है। इसे लेकर कई तरह के सवाल पैदा हो रहे हैं। कॉल डिटेल से पता लगा है कि गायब होने से पहले अंकित की परिवार और दोस्तों के अलावा किसी और से बातचीत नहीं हुई। इससे मामला और गहरा रहा है। इंस्पेक्टर भोजीपुरा राजीव कुमार ने बताया कि कॉल डिटेल से भी कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस सीसीटीवी खंगालने के साथ तेजी से अंकित की तलाश में जुटी है।

## सीबीगंज में रोडवेज बस राख से लदी ट्राली से भिड़ी

संवाददाता, सीबीगंज

- महिला यात्री घायल, आंखों में राख जाने से लोग हुए परेशान

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे बरेली से रामपुर की ओर जा रही अमरोहा डिपो की बस को राख से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइड मार दी। हादसे में एक महिला यात्री का हाथ टूट गया, जबकि कई सवारियां आंखों में राख पड़ने से परेशान हो गईं।

रोडवेज बस बरेली से अमरोहा की ओर जा रही थी। सुपीरियर इंडस्ट्रीज (शराब फैक्ट्री) से राख लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बस को साइड मार दी। टक्कर लगने से बस में सवार संभल के नवादा सराय तरीन निवासी रेशमा घायल हो गईं और उनका एक हाथ टूट गया। अन्य यात्रियों की आंखों में राख जाने से जलन होने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राख सड़क पर भी फैल गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा गया है। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।



दुर्घटना के बाद खड़े बस यात्री।

# जिम में छिपाकर बनाए जाते थे महिलाओं के वीडियो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिम में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले भाइयों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने जब आलम के मोबाइल की जांच की तो डॉक्टर के साथ कई और महिलाओं के वीडियो भी मिले। यह वीडियो अश्लील नहीं हैं लेकिन महिलाओं के वर्कआउट के दौरान इन्हें बनाया गया है। कुछ वीडियो में ऐसा भी लग रहा है कि उन्हें महिलाओं ने खुद ही बनवाया है।

उसके मोबाइल में पुलिस को छह-सात पोर्न वीडियो भी मिली हैं जो कहीं और की हैं। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस तमाम तथ्य जुटा रही है। साथ ही आरोपी भाइयों की संपत्ति के बारे में भ्ही जानकारी की जा रही है। आरोपियों का एक भाई शुक्रवार को एक पुलिस अफसर के यहां पहुंचा और बताया कि भाइयों की बजय से उनकी मां का शुगर बढ़ गया है। उन्हें कहीं निकलने लायक नहीं छोड़ा है। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि आलम के मोबाइल पर डॉक्टर की पत्नी की वीडियो के अलावा भी कई और वीडियो मिले हैं। कुछ पोर्न वीडियो भी हैं। वहीं जिम की महिलाओं के वर्कआउट के वीडियो भी उनके मोबाइल में पाई गई हैं।


पकड़े गए आरोपी।

- जांच में खुलासा, पोर्न वीडियो देखता था आरोपी आलम बेग
- आरोपियों के खुद के परिवार ने कहा-दोनों पर हो सख्त एक्शन

## पुलिस ने छेड़ा चेकिंग अभियान, खंगाले सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला ट्रेनर की अनिवार्यता पर दिए निर्देश, नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार:** डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देश पर बुधवार को पुलिस ने सिविल लाइंस सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में जिमों की जांच को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने जिमों में मौजूद व्यवस्थाओं, ट्रेनिंग सिस्टम और सुरक्षा इंतजामों की जांच की।

कोतवाली पुलिस ने कई जिमों पर पहुंचकर संचालकों से पूछताछ की और रिकॉर्ड भी खंगाले। जांच के दौरान यह भी देखा गया कि जिमों में आने-जाने वालों का रजिस्टर सही तरीके से मेंटेन किया जा रहा है या नहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महिलाओं के लिए जिम में महिला ट्रेनर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। नियमों का पालन न करने वाले जिम संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार यह चेकिंग अभियान आगे भी अन्य थाना क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि जिमों में सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने कहा कि जिमों को चेक करने के लिए टीमें गई थीं। कहीं कोई कमी होगी तो उसे सुधारने का मौका दिया जाएगा। सीसीटीवी होना अनिवार्य है।

# महाराष्ट्र से आकर प्रेमी ने किया युवती पर हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहले शादी को किया मना, अब डाल रहा दबाव, रिपोर्ट दर्ज
- आरोपी युवक की तलाश में जुटी सुभाषनगर पुलिस

**अमृत विचार:** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने नासिक से आकर युवती पर हमला कर दिया। पीड़िता के भाई ने आरोपी पर जानलेवा हमला करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

अशोक नगर मढ़ीनाथ निवासी युवक ने थाना सुभाषनगर में दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन की मुलाकात पिछले वर्ष नासिक में रिश्तेदारी में रामचरित्र नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। पीड़िता पक्ष ने पुलिस को बताया कि शुरुआत में तो रामचरित्र विवाह के लिए तैयार था लेकिन बाद में उसके परिवार ने जाति का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती और उसके परिवार ने भी विवाह से मना कर दिया। इसके बाद भी आरोपी रामचरित्र युवती के पीछे पड़ा रहा और लगातार शादी करने के लिए उस पर दबाव बनाता रहा।

आरोप लगाया गया है कि छह मई को रामचरित्र मढ़ीनाथ पहुंचा और युवती पर हमला कर दिया। हमले में युवती के चेहरे पर चोट आई है। हमले के बाद आरोपी युवक लगातार उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है और भविष्य में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। परिवार ने युवक की धमकी को देखते हुए अपने लिए खतरा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### खोया बैग और मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लौटाया

बरेली, अमृत विचार : निशा मौर्य निवासी शाही शुक्रवार को अपनी मां फूलावती के साथ कुतुबखाना बाजार खरीदारी करने आई थी। इसी दौरान उनका बैग कहीं छूट गया। बैग में 8500 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान रखा था। पीड़िता ने कुतुबखाना चौकी पर शिकायत की। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनूप सिंह ने बैग की तलाश शुरू कर दी। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने बैग बरामद कर पीड़िता को सौंप दिया। अपना खोया सामान वापस मिलने पर पीड़िता और उसके परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच की मांग

बरेली, अमृत विचार : एक शिक्षक के दिव्यांग प्रमाण पत्र को लेकर विवाद गहरा गया है। भोजीपुरा क्षेत्र निवासी पिंकी देवी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार मीरगंज के जूनियर हाईस्कूल दियोरिया में शिक्षक नीरज पैरालाइसिस से पीड़ित बताए गए हैं। उनकी गंभीर शारीरिक स्थिति के बावजूद उनके नाम से जारी 100 प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र का दुरुपयोग किया गया। पिंकी ने आरोप लगाया कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कार्य किए जाने तथा सरकारी दस्तावेजों के गलत इस्तेमाल से शासन और विभागीय अधिकारियों को गुमराह किया गया।

### बिजली कनेक्शन दोबारा करने का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली : बकाया बिल जमा न करने पर बिजली कनेक्शन काट देने के मामले में अपर जिला न्यायाधीश कोर्ट-9 अविनाश कुमार सिंह ने सिविल अपील मंजूर करते हुए निचली अदालत द्वारा 9 अप्रैल को दिये आदेश को अपास्त कर पक्षकारों को पुनः सुनने व मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता विद्युत वितरण को रिठौरा निवासी अपीलार्थी वीरेन्द्र पाल गुप्ता की विद्युत आपूर्ति चालू करने और अपीलार्थी को आपूर्ति चालू होने के बाद बिल समय से अदा करने व बकाया बिल के सम्बन्ध में विचाराधीन वाद के निस्तारण के समय जो निष्कर्ष दिया जाये, उसको पक्षकारों पर मान्य होने का आदेश दिया है।

# विदाई से पहले ग्राम प्रधानों में लगी अधूरे काम पूरे करने की होड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल हो रहा है पूरा
- नाली, खड़ंजा और इंटरलॉकिंग के काम कराने में जुटे
- एडीओ संभाल सकते हैं ग्राम पंचायतों की कमान

अमृत विचारः ग्राम पंचायतों का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। विदाई से पहले ग्राम प्रधानों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है।

वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 26 मई को पूरा हो रहा है, क्योंकि 27 मई 2021 को ग्राम पंचायतों की पहली बैठक आयोजित की गई थी। कार्यकाल की समय सीमा नजदीक आते देख प्रधान अधूरे विकास कार्यों जैसे नाली, खड़ंजा निर्माण, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट और पंचायत भवनों के रखरखाव को पूरा कराने में जुट गए हैं। दूसरी ओर, प्रदेश में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन अब तक न हो पाने के कारण 27 मई के बाद ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की तैनाती की संभावना प्रबल हो गई है। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि नियमों के मुताबिक, कार्यकाल खत्म होने के बाद पंचायतों के संचालन और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सहायक विकास अधिकारी या अन्य सरकारी अधिकारियों को प्रशासक नियुक्त किया जाता है। हालांकि, ग्राम प्रधान संगठनों ने शासन से मांग की है कि चुनाव होने तक वर्तमान प्रधानों को ही कार्यवाहक प्रधान की जिम्मेदारी दी जाए। संगठनों का तर्क है कि मौजूदा प्रधान गांव की जमीनी समस्याओं और जारी विकास कार्यों से भली-भांति परिचित हैं, इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय उन्हें मौका देना अधिक व्यावहारिक होगा।

## झाड़ियों में उलझी बिजली







बिजली विभाग द्वारा तारों, पोल और ट्रासफार्मरों के मेन्टीनेंस को लेकर घंटों शटडाउन लेकर काम किया जाता है लेकिन बिजली है कि काबू में आने का तैयार नहीं। आए भी तो कैसे ट्रांसफार्मर्स से लेकर खंभों और तारों में पेड़ की शाखाएं, बेलें और झाड़ियां लिपटी हुई हैं, जो फाल्ट का कारण बनती हैं। सिविल लाइंस में 33-11 उपकेन्द्र के बाहर ऐसी ही हालत है। अधिकारियों को शायद ये दिखाई ही नहीं देतीं वरना हालात ऐसे न होते।

● मोहित कुमार सिंह

# श्मशान भूमि क्रासिंग पर एलएचएस निर्माण से कई ट्रेनें रहेंगी शॉर्ट टर्मिनेट

## बरेली जंक्शन और इज्जतनगर तक चलेंगी कई ट्रेनें, 9 से 17 मई तक होगी परेशानी



कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल ने बरेली सिटी यार्ड स्थित समपार संख्या 248 स्पेशल (श्मशान भूमि) पर एलएचएस निर्माण के चलते कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। 9 मई से 17 मई तक अलग-अलग तिथियों में कई सवारी और डेमू ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इस दौरान कुछ ट्रेनें बरेली सिटी स्टेशन तक न जाकर इज्जतनगर और बरेली जंक्शन तक ही संचालित होंगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 55329 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 12 से 16 मई तक बरेली जंक्शन में ही यात्रा समाप्त करेगी और बरेली जंक्शन-बरेली सिटी के बीच निरस्त रहेगी। वहीं 55316/55318 पीलीभीत-बरेली सिटी, 05402 काशीपुर-बरेली सिटी डेमू, 75304 पीलीभीत-बरेली सिटी डेमू और 75302 टनकपुर-बरेली सिटी सवारी गाड़ियां 9 से 15 मई तक इज्जतनगर तक ही संचालित होंगी। इसके अलावा 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन मेला स्पेशल 11, 14 और 16 मई को इज्जतनगर में यात्रा समाप्त करेगी।

### जीएम निरीक्षण से पहले डीआरएम ने किया मुआयना

बरेली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक के बरेली से गाजियाबाद तक विंडो निरीक्षण किए जाने के कार्यक्रम के मद्देनजर मुरादाबाद रेल मंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे ट्रैक, क्रॉसिंग, प्वाइंट, स्टेशन व्यवस्थाओं और यात्री सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डीआरएम विनीता श्रीवास्तव मुरादाबाद से रवाना हुईं। उनके साथ एडीआरएम, डीसीएम, डीओएम, सीनियर डीसीएम सहित विभिन्न विभागों के 10 से अधिक अधिकारी मौजूद रहे। पहले चरण में मुरादाबाद से बरेली जंक्शन तक विंडो निरीक्षण किया गया। निरीक्षण यान सुबह करीब 10:15 बजे बरेली जंक्शन पहुंचा। यहां अधिकारियों ने स्टेशन परिसर और संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। बरेली में कुछ देर रुकने के बाद निरीक्षण यान गाजियाबाद के लिए रवाना हुआ। इस दौरान बरेली से गाजियाबाद तक रेल क्रॉसिंग, कर्व, प्वाइंट और ट्रैक की स्थिति की जांच की गई। कई स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीआरएम ने विशेष रूप से स्टेशन परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# मैच्योरिटी के बाद रकम देने से मुकरा एजेंट, रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचारः सीबीगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बचत योजना के नाम पर जमा कराए गए 55 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एजेंट के खिलाफ एसएसपी से शिकायत की है।

सीबीगंज के डूडा कॉलोनी निवासी सोनी शर्मा पत्नी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि वह घर में छोटी दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करती है। बादशाहनगर निवासी कमलेकांत ने उन्हें बचत पॉलिसी में रकम जमा करने का झांसा दिया। उन्होंने नवंबर 2023 और फरवरी 2024 में दो अलग-अलग खाते खुलवाए। पहले खाते में नौ नवंबर 2023 से 30 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन 60 रुपये जमा किए गए, जिसकी कुल राशि 30,360 रुपये हुई। दूसरे में एक फरवरी 2024 से एक फरवरी 2026 तक रोजाना 60 रुपये जमा किए गए, जिसमें 24,840 रुपये जमा हुए। दोनों खातों में कुल 55,200 रुपये जमा कराए गए। मैच्योरिटी होने के बाद अब कमले कांत उनके रुपये वापस नहीं कर रहा है।

# राह-गिरी डे से फिटनेस और स्वास्थ्य का दिया संदेश



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं, युवा और बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- योग, जुम्बा और स्वास्थ्य शिविरों में उमड़ी लोगों की भीड़

अमृत विचार : स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण के उद्देश्य से बरेली कैंटोनमेंट बोर्ड व बरेली लेडीज़ सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सदर बाजार स्थित श्री धोपेश्वर नाथ चौक पर राह-गिरी डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि कैंटोनमेंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। आयोजन के दौरान योग, जुम्बा, साइक्लिंग, मॉर्निंग वॉक और विभिन्न फिटनेस गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही हीमोग्लोबिन जांच एवं नेत्र परीक्षण शिविर भी लगाए गए। महिलाओं और जरूरतमंद लोगों को आयरन सप्लीमेंट्स भी वितरित किए गए। कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी, बरेली लेडीज़ सर्किल 145 की सदस्याएं मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली




विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। ● अमृत विचार

- मांगें पूरी न होने पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी

अमृत विचारः ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में शुक्रवार को स्टेट बैंक कर्मचारियों ने प्रशासनिक कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मैसेंजर और सशस्त्र गार्डों की भर्ती, पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति, स्थायी पदों पर आउटसोर्सिंग बंद करने, एनपीएस कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर बदलने का विकल्प देने तथा वेतन एवं सेवा शर्तों में समानता लागू करने की मांग उठाई। इसके अलावा कर्मचारियों ने कैरियर प्रगति योजना की समीक्षा, मेडिकल रीइम्बर्समेंट योजना में सुधार, पेंशन संबंधी विसंगतियों के समाधान और एचआरएमएस समस्याओं को शीघ्र दूर करने की मांग भी रखी।

उप महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 11 मई को पुनः प्रदर्शन किया जाएगा तथा 25 और 26 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पूरी मजबूती से सफल बनाया जाएगा। प्रदर्शन में सुनील कुमार मित्तल, पूजा कौशल, भूपेंद्र कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार, मारूफ अली, लीलाधर, अजय वीर, मनीष कुमार, ऋषभ त्रिपाठी, श्याम बाबू, राधे श्याम और सुरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रेल वन एप को लेकर किया जा रहा जागरूक

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल की तरफ से रेल वन एप के अधिकाधिक उपयोग को लेकर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों को ऐप की उपयोगिता और सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि रेल वन एप यात्रियों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराता है, जहां रिजर्व टिकट, अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, टिकट रद्दीकरण, पीएनआर स्टेटस, लाइव ट्रेन स्टेटस, कोच पोजीशन, ट्रेन ट्रैकिंग, भोजन ऑर्डर तथा रेल मदद जैसी सुविधाएं एक ही लॉगिन पर प्राप्त हो सकती हैं। इससे यात्रियों को टिकट काउंटरों पर भीड़ और लंबी कतारों से राहत मिलेगी।

# 7 ज्योतिर्लिंग के दर्शन आसान, ईएमआई से करें यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



यात्रा के बारे में जानकारी देते आईआरसीटीसी के अधिकारी। ● अमृत विचार

- आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेनें श्रद्धालुओं को कराएंगी धार्मिक स्थलों के दर्शन
- ऋषिकेश से शुरू होंगी दो विशेष धार्मिक यात्राएं, दी जा रही एलटीसी-ईएमआई सुविधा

अमृत विचार : श्रद्धालुओं के लिए इस बार धार्मिक यात्रा और भी आसान होने जा रही है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों के जरिए उत्तर भारत से दक्षिण भारत और सात ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए विशेष पैकेज घोषित किया है। यात्रियों को एलटीसी और ईएमआई जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी जिससे मध्यम वर्गीय परिवार के लोग भी यात्रा को कर सकते हैं।

आईआरसीटीसी लखनऊ के जेजीएम टूरिज्म वायुनंदन शुक्ला, मैनेजर नवनीय गोयल समेत सीएमआई मोहम्मद इमरान ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि योग नगरी ऋषिकेश से दो विशेष धार्मिक यात्राएं संचालित की जाएंगी। पहली यात्रा 12 जून से 23 जून तक चलेगी जिसमें श्रद्धालु महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर और घृष्णेश्वर सहित सात ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे। इसके साथ द्वारकाधीश, भेंट द्वारका, पंचवटी और कालाराम मंदिर भी यात्रा का हिस्सा होंगे। यह ट्रेन ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई और ललितपुर जंक्शन से यात्रियों को लेकर रवाना होगी। 11 रात और 12 दिन की इस यात्रा के लिए स्लीपर श्रेणी का किराया 24,100 रुपये, थर्ड एसी का 40,890 रुपये और सेकेंड एसी का 54,390 रुपये निर्धारित किया गया है।

दूसरी विशेष यात्रा 29 जून से 10 जुलाई तक होगी। इसमें श्रद्धालुओं को तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम स्थित रामनाथस्वामी मंदिर, मदुरै का मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। आईआरसीटीसी के अनुसार पैकेज में ट्रेन यात्रा, शाकाहारी भोजन, स्थानीय भ्रमण और होटल सुविधाएं शामिल हैं। स्लीपर श्रेणी का किराया 24,350 रुपये, थर्ड एसी का 41,800 रुपये और सेकेंड एसी का 55,750 रुपये रखा गया है। इस यात्रा में एलटीसी और ईएमआई की सुविधा विशेष आकर्षण मानी जा रही है। इसी तरह मां वैष्णो देवी , शिरडी -शनि सिंगणापुर-त्रियंबकेश्वर , अहमदाबाद - स्टेचू ऑफ़ यूनिटी, नैनीताल , रामेश्वरम - मदुरै , चंडीगढ़, शिमला कुफरी जैसे स्थानों के लिए अलग-अलग पैकेज है। बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। यात्री लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय के अलावा आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं।

# 24 घंटे बेतरतीब ड्यूटी से टूट रहे बिजली कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- स्टाफ की कमी और बढ़ते दबाव से कर्मचारियों में बढ़ रहा रोष

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) में 11 केवी और एलटीसी वर्टिकल के कर्मचारियों का गुस्सा सामने आने लगा है। कर्मचारियों ने प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर विभागीय कार्यप्रणाली, स्टाफ की कमी और बढ़ते मानसिक दबाव पर सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों ने मौजूदा व्यवस्था को अमानवीय बताते हुए कहा कि फील्ड स्टाफ पर जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारियां डाली जा रही हैं।

जेई चंद्रमा प्रसाद, मंजीत सिंह और एसडीओ अभिषेक कुमार आदि ने बताया कि काम के बोझ से कर्मचारी परेशान हैं। ट्रांसफॉर्मर फुंकने की पूरी जिम्मेदारी केवल 11 केवी वर्टिकल पर डाल दी गई है। जबकि बिजली चोरी रोकना, ओवरलोड नियंत्रण और निगरानी जैसी जिम्मेदारियां अन्य वर्टिकल के दायरे में आती हैं। हर खराबी और शिकायत का दबाव फील्ड कर्मचारियों को झेलना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि विभाग में फॉल्ट और ब्रेकडाउन के दौरान पर्याप्त सहयोग नहीं मिलता, जिससे काम का दबाव और बढ़ जाता है। पत्र में मेंटेनेंस सामग्री, सीढ़ी और अन्य जरूरी उपकरणों की भारी कमी है। न तो स्टाफ बढ़ाया गया और न ही संसाधनों में सुधार किया गया। वर्टिकल रोटेशन नीति लागू न होने से भी कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सबसे गंभीर मुद्दा 24 घंटे ऑन-कॉल ड्यूटी है। कर्मचारियों के अनुसार हेल्पडेस्क और फील्ड शिकायतों के चलते उन्हें दिन-रात फोन कॉल अटेंड करने पड़ते हैं, जिससे पारिवारिक जीवन और स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

# मौलाना तौसीफ के परिजनों को पांच लाख देगी जमात

बरेली, अमृत विचारः मौलाना तौसीफ के परिजनों से जमात रजा ए मुस्तफा की टीम 10 मई को बिहार जाकर मिलेगी। संगठन की तरफ से पांच लाख रुपये की मदद की जाएगी।

बिहार के किशनगंज के रहने वाले मौलाना तौसीफ शहर में उर्स ए ताजुश्शरिया में शामिल होने के लिए आए थे। ट्रेन से घर लौटते समय कैंट स्टेशन के पास उनकी लाश रेलवे ट्रैक के पास पड़ी मिली थी। मौलाना की पत्नी ने पति की हत्या की रपोर्ट जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। एआईएमआईएम और दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा मुस्तफा की तरफ से कार्रवाई की मांग की जा रही है। शुक्रवार को जमात रजा ए मुस्तफा की तरफ से जारी गए बयान में कहा गया है कि काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा खान के निर्देश पर जमात रजा ए मुस्तफा के राष्टीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) 10 मई को किशनगंज पहुंचकर मौलाना तौसीफ के परिजनों से मुलाकात कर पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेंगे।

# कुत्तों के हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी में नई तकनीक बनी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डबल-लूप सरक्लेज तकनीक कुत्तों की फीमर सर्जरी में सबसे प्रभावी

अमृत विचारः पालतू कुत्तों में हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी को अधिक सुरक्षित और सफल बनाने की दिशा में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। संस्थान के शोध में सामने आया है कि फीमर (जांघ की हड्डी) में प्रॉक्सिमल फिशर की स्थिति में डबल-लूप सरक्लेज वायरिंग तकनीक, पारंपरिक सिंगल-लूप तकनीक की तुलना में अधिक मजबूत और प्रभावी है।

डॉ. केएसके कुमार, डॉ. रोहित कुमार समेत अन्य वैज्ञानिकों के शोध में सामने आया कि यह तकनीक भविष्य में पशु चिकित्सा सर्जरी में जटिलताओं को कम करने में मदद करेगी। अध्ययन के दौरान जर्मन शेफर्ड और लैब्राडोर नस्ल के कुत्तों की कुल 54 फीमर हड्डियों पर परीक्षण किया गया। इन्हें अक्षुण्ण, सिंगल-लूप और डबल-लूप तीन समूहों में विभाजित कर विभिन्न परिस्थितियों में जांचा गया। डबल-लूप तकनीक ने अक्षीय दबाव, मोड़ और मरोड़ जैसी सभी स्थितियों में बेहतर यांत्रिक स्थिरता प्रदान की। इसमें अधिक भार सहने की क्षमता, बेहतर ऊर्जा अवशोषण और उच्च विफलता सीमा दर्ज की गई। वहीं सिंगल-लूप तकनीक अपेक्षाकृत कमजोर साबित हुई। इसमें पता चला कि जर्मन शेफर्ड की हड्डियां अधिक मजबूत थी। लैब्राडोर की हड्डियों में अधिक लचीलापन पाया गया। हालांकि दोनों नस्लों में डबल-लूप तकनीक समान रूप से प्रभावी रही। वैज्ञानिकों ने बताया कि सीमेंटेड हिप रिप्लेसमेंट के दौरान यदि फीमर में फिशर (छोटी दरार) हो जाए तो उसे तुरंत स्थिर करना जरूरी होता है। ऐसे में यह नई तकनीक पालतू जानवरों के सुरक्षित इलाज और शीघ्र रिकवरी में अहम भूमिका निभा सकती है।

# हृदय रोगों के उपचार में नई तकनीक की दी जानकारी

बरेली, अमृत विचारः भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला, नई दिल्ली के सहयोग से आईएमए भवन में क्लिनिकल मीटिंग का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल सक्सेना ने 'पेसमेकर एवं आईसीडी मरीजों का प्रबंधन : एक चिकित्सकीय दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने पेसमेकर एवं आईसीडी से जुड़े मरीजों की देखभाल, सावधानियों और आधुनिक उपचार के विषय में जानकारी दी। डॉ. विशाल रस्तोगी ने हृदय रोगों के उपचार में नई तकनीकों एवं आधुनिक इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं की जानकारी दी। अध्यक्षता आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने की। सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. गिरीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी, मीडिया सचिव डॉ. कामेन्द्र सिंह,डॉ. डीपी गंगवार, डॉ. शरद अग्रवाल मौजूद रहे। डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. पवन गोयल, डॉ. नितिन अग्रवाल एवं डॉ. पुनीत सोंधी मॉडरेटर के रूप में शामिल रहे।

# लोहिया विहार में एसटीपी बंद, सड़कों की हालत खराब

कार्यालय संवाददाता, बरेली




शिकायत लेकर पहुंचे कॉलोनीवासी।

- कॉलोनी के लोगों ने समस्याओं के समाधान के लिए मंडलायुक्त को दिया पत्र

अमृत विचारः लोहिया विहार के निवासियों ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर कॉलोनी की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है।

लोहिया विहार वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि लोहिया विहार कॉलोनी का निर्माण 2002 में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा कई सुविधाओं और विकास योजनाओं के वादों के साथ कराया गया था। 2008 में अधूरी व्यवस्थाओं के बीच कॉलोनी को नगर निगम को सौंप दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलोनी में सड़कों, सर्विस रोड और अन्य मूलभूत सुविधाएं अधूरी हैं। एसटीपी प्लांट बिजली कनेक्शन और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं के अभाव में वर्षों से बंद है, जिससे सीवर और जल निकासी की समस्या गंभीर होती जा रही है। सोसाइटी पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कॉलोनी की सीवर लाइनों की सफाई कराने, एसटीपी प्लांट चालू कराने तथा बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए वादों को पूरा कराने की मांग की है। सोसाइटी के संरक्षक डॉ. योगेश साहनी, अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, सचिव विनय खंडेलवाल और कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### बीईएलएड और बीपीएड की परीक्षाएं 11 मई से

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीईएलएड की प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ की वार्षिक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। बीईएलएड की परीक्षा 11 मई से 23 मई तक चलेगी। वहीं, बीपीएड के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 11 मई से 30 मई तक और एमएड के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 12 मई से 29 मई तक आयोजित होगी।

### बरेली कॉलेज में आज रहेगा अवकाश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शनिवार और रविवार को दो केंद्रों पर उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की पीजीटी परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा को देखते हुए बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने महाविद्यालय में अवकाश घोषित किया है। परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि उनको स्थगित परीक्षा देने के लिए नए एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा।

### ओडीओपी योजना के तहत मुफ्त प्रशिक्षण का मौका

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) टूलकिट और प्रशिक्षण योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों और युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने की तैयारी है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने जरी-जरदोजी, सुनारी उद्योग, बांस-बेंत और वुड प्रोडक्ट से जुड़े इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 30 मई निर्धारित की गई है। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रत्येक लाभार्थी को 200 रुपये प्रतिदिन की दर से कुल दो हजार रुपये मानदेय भी दिया जाएगा। इसके साथ ही टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रशिक्षित कारीगर स्वरोजगार को बढ़ावा दे सकें। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना जरूरी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी परिवार को इस योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जाएगा।

# स्वच्छ विद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की होते हैं नींव

## मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय शिक्षक सम्मान कार्यशाला का किया गया आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** विकास भवन सभागार में मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय विद्यालय शिक्षक सम्मान कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यशाला डब्लूएएसएच कार्यक्रम के तहत यूनिसेफ द्वारा आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देना और उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों एवं शिक्षकों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में



कार्यशाला में सीडीओ देवयानी, शिक्षक व यूनिसेफ के अधिकारी। ● अमृत विचार

स्वच्छता से जुड़े नवाचारों, बच्चों में स्वच्छता व्यवहार विकसित करने और विद्यालय परिसर को प्रेरणादायी एवं सुव्यवस्थित बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने कहा कि स्वच्छ विद्यालय स्वास्थ्य एवं बेहतर भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने बच्चों में साफ-सफाई एवं हाइजीन की आदत विकसित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी झिझक दूर करने

● **डब्लूएएसएच कार्यक्रम के तहत यूनिसेफ ने आयोजित की कार्यशाला**

की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि वे खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। डीडीओ दिनेश कुमार यादव ने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। शांतनु, राज पांडे, विनीता, दिनेश चंद्र जोशी, शिल्पी, जिला समन्वयक राजीव कुमार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक मौजूद रहे।

## प्रो. राजेंद्र सिंह को सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रण

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज के जन्तुविज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. राजेंद्र सिंह को सिंगापुर में होने वाली कांफ्रेंस में कीनोट व्याख्यान प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

सिंगापुर स्थित आइरिस साइंस अकादमी की ओर से 23 से 25 नवम्बर 2026 तक प्लांट मोलेकुलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी विषय पर फिजिकल एवं हाइब्रिड मोड में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कांफ्रेंस मैनेजर जॉर्डन ली ने डॉ. राजेंद्र सिंह को कोम्प्रेहेंसिव मोलेकुलर साइंस विषय पर आमंत्रित व्याख्यान देने का आग्रह किया है। डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह अपनी रिसर्च टीम और शोधार्थियों के साथ सम्मेलन में भाग लेने सिंगापुर जाएंगे। सम्मेलन के दौरान शोध संबंधी परिचर्चा और दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू पर भी चर्चा प्रस्तावित है।



प्रो. डॉ. राजेंद्र सिंह।

## महिलाओं के सशक्तिकरण को खोली गई शक्ति रसोई




तहसील परिसर में खुली शक्ति रसोई। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तहसील परिसर में शक्ति रसोई शुरू की गई। सूडा योजना के तहत आवंटित दुकानों में संचालित यह रसोई अब कलेक्ट्रेट और तहसील के अधिकारियों-कर्मचारियों से लेकर जनता तक को स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करा रही है।

शक्ति रसोई में मात्र 100 रुपये में स्पेशल थाली दी जा रही है, जिसमें पनीर, दाल मखनी समेत कई स्वादिष्ट व्यंजन शामिल हैं। 40 रुपये में हाफ प्लेट की व्यवस्था है। इसके अलावा नाश्ते में समोसा, चाय, नमकीन, बिस्किट और कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध है। यह रसोई महिलाओं के गोलू स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है। रसोई के संचालन में कुल 10 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जबकि प्रतिदिन तीन-तीन महिलाओं की ड्यूटी लगाई जाती है। शक्ति रसोई से जुड़ी गीता राणा ने बताया कि रसोई में आने वाले लोग भोजन की गुणवत्ता और स्वाद की सराहना कर रहे हैं।

## पोल्ट्री फॉर्मिंग में मुर्गियों का दाना गुणवत्तायुक्त होना बहुत जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. जगवीर सिंह त्यागी ने कहा कि पोल्ट्री फॉर्मिंग में दाने का गुणवत्तायुक्त होना बहुत जरूरी है। वह संस्थान की ओर से आयोजित पांच दिवसीय कुक्कुट पालन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पोल्ट्री फॉर्मिंग में दाना गुणवत्तायुक्त होना चाहिए। सस्ता दाना तैयार करने के लिए बाजार में उपलब्ध प्रतिष्ठित कंपनी का कंसनट्रेट खरीद कर मक्का आदि में मिलाकर तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सफल मुर्गी पालन के लिये अच्छी गुणवत्ता

● **कुक्कुट पालन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. जगवीर सिंह त्यागी ने दी जानकारी**

के चूजे, अच्छी गुणवत्ता का दाना, फार्म में जैव सुरक्षा का पालन व मार्केट की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रधान वैज्ञानिक व अध्यक्ष तकनीकी प्रसार अनुभाग डॉ. एमपी सागर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 38 युवाओं ने संस्थान में आकर व आठ युवाओं व युवतियों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, दिल्ली व झारखंड से 46 किसानों व पोल्ट्री उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया व प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

## समायोजन नियम विरुद्ध होने पर विरोध की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को समायोजन पर पत्र दिया है जिसमें 30 सितंबर 2026 की संख्या को आधार बनाने की मांग की।

आरटीई एक्ट 2009 में सुझाए छात्र-शिक्षक अनुपात के पालन, समायोजन एक दो में समायोजन होने पर बंद एकल स्कूल के शिक्षकों को वापस करने और मान्य संघों के ब्लाक अध्यक्ष मंत्री को समायोजन से मुक्त रखने की भी मांग की। कहा कि किसी भी शिक्षक का अहित होने पर विरोध किया जाएगा। मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने कहा एक साल से कम समय में तीन समायोजन हो चुके हैं, अभी तक छात्र-शिक्षक अनुपात का सुधार नहीं हो पाया।

## शक्ति चक्र से देवी मंदिरों को मिलेगी नई पहचान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहे बरेली मंडल को अब शक्ति चक्र योजना के जरिए नई पहचान मिलने जा रही है। पर्यटन विभाग ने बिथरी चैनपुर के भगवतीपुर गांव के ज्वाला देवी सिद्धपीठ और पीलीभीत के पूरनपुर स्थित गूंगा देवी मंदिर को विशेष धार्मिक पर्यटन परिपथ में शामिल किया है।

पर्यटन विभाग ने पहले चरण में दोनों मंदिरों पर मूलभूत सुविधाओं के विकास का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। ज्वाला देवी सिद्धपीठ में 108 लाख रुपये की लागत और पीलीभीत के गूंगा देवी मंदिर में 94 लाख रुपये के बजट से यात्री शेड, इंटरलॉकिंग, टाइल्स, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं विकसित



बरेली स्थित ज्वाला देवी सिद्धपीठ



पीलीभीत स्थित गूंगा देवी मंदिर ● अमृत विचार

की गई हैं। दोनों मंदिरों पर पहले चरण के सभी कार्यों को पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण में दोनों मंदिरों को शक्ति चक्र के रूप में व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाएगा। पर्यटन विभाग डिजिटल माध्यमों, धार्मिक आयोजनों और पर्यटन मेलों के जरिए श्रद्धालुओं

● **बरेली का ज्वाला देवी सिद्धपीठ और पीलीभीत का गूंगा देवी मंदिर है योजना का हिस्सा**

को आकर्षित करने की तैयारी कर रहा है। इससे अल्पज्ञात प्रसिद्ध देवी स्थलों को नई पहचान मिलेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भी प्रदेश में देवी मंदिरों को शक्ति चक्र के रूप में एक विशेष पर्यटन श्रृंखला विकसित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के उप निदेशक रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मंदिरों में पर्यटन विकास होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर... सेना के शौर्य को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को एनसीसी कैडेट्स ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाई। कार्यक्रमों में कैडेट्स को भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 21वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होशियार सिंह द्वारा ध्वजारोहण से हुई। बरेली कॉलेज के कॉमर्स विभाग के स्मार्ट क्लास में व्याख्यान कार्यक्रम में पूर्व सैन्यकर्मियों ने कैडेट्स को सेना के अनुभवों और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व से अवगत कराया। पूर्व सैन्यकर्मी सूबेदार मेजर रामबरन, शौर्य चक्र विजेता नायब सूबेदार गंगा सहाय, हवलदार धारा सिंह, बलराम सिंह और ओमपाल ने भारतीय सेना की गौरवगाथा साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा




बरेली कॉलेज में ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मनाते कैडेट्स व एनसीसी अधिकारी। ● अमृत विचार

● **एनसीसी कैडेट्स ने मनाई वर्षगांठ सेना में जाने का लिया संकल्प**

● **पूर्व सैनकों ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बता युवाओं में भरा जोश**

के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शामिल करीब 200 कैडेट्स ने सेना में शामिल होकर देश सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान 8वीं बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल समीर सिंह बिष्ट ने पूर्व सैनिकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में कर्नल संजय नायर, लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव भाटिया, सूबेदार मेजर प्रवीण नेगी, सूबेदार लक्ष्मण, सूबेदार हरिबहादुर छेत्री, हवलदार हर सिंह, हवलदार मुकेश, हवलदार महेश, कैप्टन बिनम सक्सेना, लेफ्टिनेंट वंदना शर्मा, लेफ्टिनेंट रितेश चौरसिया, जीसीआई मोनिका सहित अन्य अधिकारी एवं कैडेट मौजूद रहे।

## रेफर होने वाले मरीजों का ऑनलाइन अपडेट होगा डाटा

**बरेली, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होने वाले मरीजों का पूरा विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। इसकी साप्ताहिक समीक्षा अपर निदेशक स्वास्थ्य (एडी हेल्थ) करेंगे और रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

सीएचसी से मरीजों को रेफर करने में लापरवाही और देरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। कई मामलों में जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध न होने के बावजूद मरीजों को रेफर कर दिया जाता था। इससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता और उनकी जान तक खतरे में पड़ जाती है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों और चिकित्सकों को शासन के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## सिटी डायरी

### आशा की किरण दिखाता है श्री राम का संपूर्ण जीवन : डॉ दीपंकर गुप्त

**बरेली, अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का संपूर्ण जीवन निराशा के अंधकार में हमें आशा की पावन किरण दिखाता है। सामाजिक व पारिवारिक संबंधों को प्रमुखता देते हुए परंपराओं व रीति-नीति के प्रति प्रतिबद्धता और माता-पिता, गुरु, पति, पत्नी, भाई, मित्र व शत्रु के बीच संबंधों की महत्ता को स्थापित करता है। ये विचार बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपांकर गुप्त ने व्यक्त किये। वह शुक्रवार को एलएसआरबी पब्लिक स्कूल बलिया में बाल सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व हनुमान चालीसा की प्रतियां दीं और विद्यालय परिवार के सदस्यों को श्रीराम पटका पहनाकर व बाल रामायण के प्रतियां भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य सुमन गुप्ता, सूरज, पुष्पेंद्र, विकास दीक्षित, स्नेह लता, सपना, शिवानी, आकांक्षा, राधा, शिवानी, किरण, योग्यता, दीप्ति व वैष्णवी आदि उपस्थित रहीं।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिले डॉ. विनोद पागरानी



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट की। डॉ. पागरानी ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व श्रीराम परिवार का प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया व तीन राज्यों में हुए चुनाव में भाजपा की जीत की शुभकामनाएं दीं। डॉ. पागरानी ने बताया कि इस दौरान सम सामयिक चर्चा के साथ बरेली के विकास व आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण पर भी चर्चा हुई।

### त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने बनखंडी नाथ हीरोज को 73 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटी नाथ वॉरियर्स और पशुपति नाथ वॉरियर्स ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। पहले मुकाबले में त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने बनखंडी नाथ हीरोज को 73 रनों के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिवटी नाथ वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 142 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। नाभ तुशियार ने 44 गेंदों पर 4 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 60 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनखंडी नाथ हीरोज की टीम 17.2 ओवरों में मात्र 69 रन बना सकी। नाभ तुशियार ने 3 ओवर में केवल 12 रन देकर 2 विकेट भी झटके। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पशुपति नाथ वॉरियर्स की टीम 19.5 ओवर में 106 रन बनाए। अलखनाथ चैलेंजर्स की टीम 19.4 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई। पशुपति नाथ वॉरियर्स ने 16 रन से जीत हासिल की। संगम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



### श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस का रीजनल ऑफिस आरंभ



**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित टावर में शुक्रवार को श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए रीजनल ऑफिस का आरंभ कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट विनीत अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। रीजनल ऑफिस के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार, अमित श्रीवास्तव और रजिया सहित कंपनी के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अभिकर्ताओं और विकास अधिकारियों में प्राची शर्मा, बनवारी लाल सहित अन्य लोगों ने भी सहभागिता की।

## प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान दो कन्याओं को दिए गए उपहार




सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।

सेंट मारिया की कक्षा 10 की छात्रा कार्तिकी ने 97.2 प्रतिशत, हार्टमैन कालेज के कक्षा 12 के छात्र अनिरुद्ध जौहरी ने 96.7 प्रतिशत, डीपीएस की शुभी श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत, ओमांश अग्रवाल ने अपनी कक्षा में 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों को मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, कोषाध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल, इन्द्र देव त्रिवेदी ने पटका, पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि मेहनत और लगन से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। समाज सेवी अरविन्द अग्रवाल की स्मृति में दो कन्याओं की शादी के लिए उपहार भी भेंट किये गए। क्लब के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सक्सेना, शोभा सक्सेना, सीएस निधि अग्रवाल, निर्भय सक्सेना, एएस.अग्रवाल, नेहा, सुधीर मोहन, मीरा मोहन, गंगा राम पाल, रोहित राकेश, डा. अखिलेश, नरेश मलिक, विजय कपूर, प्रीति सक्सेना, रीता सक्सेना, गीतिका श्रीवास्तव, अभय भटनागर, डॉ. एमएम अग्रवाल, मंजू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## मुसलमानों से इत्तेहाद रखने और होशियारी की अपील

**बरेली, अमृत विचारः** मोहल्ला कंघी टोला स्थित नूरी मस्जिद में नमाज-ए-जुमा से पहले इमाम मौलाना शहनवाज आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों को मौजूदा हालात के तहत होशियार रहना चाहिए। हिंदुस्तान के मुसलमान अपने ईमान और सही अकीदे पर मजबूती के साथ कायम रहें।

मौलाना ने कहा कि आज ऐसा दौर आ चुका है जहां इस्लाम की पहचान करके मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। उर्स-ए-ताजुश्शरिया में शिरकत करने आए बिहार के मौलाना तौसीफ़ रज़ा का ज़िक्र करते हुए कहा कि उर्स से वापसी के दौरान ट्रेन में उनके साथ बदसलूकी और मारपीट की गई। प्रशासन ने मामले को हादसा बताया, हालांकि अब जांच शुरू हुई। इसके बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं हो सकी है। परवेज नूरी, हारून बेग, नदीम खान, जावेद खान, अजमल नूरी, समीर बेग, इमरान उर्फ अशशू, हस्सान खान, हम्माद ख़ान समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हज यात्रा सस्ती करने की मांग प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



विचार-विमर्श करते पैगाम इमाम हुसैन संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने हज यात्रा को आम लोगों के लिए सस्ती और सुलभ बनाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री को फैक्स भेजा। फैक्स में कहा गया कि हज यात्रा का खर्च 4 से 5 लाख रुपये तक पहुंच गया है, जो आम नागरिकों की हद से बाहर है। संस्था ने मांग की कि हज यात्रियों को आर्थिक राहत देने के लिए सरकार विशेष सहायता योजना लागू करे और हवाई किरायों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। संस्था के संस्थापक हकीम आहिद हुसैन ने कहा कि हज इस्लाम का महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य है और सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इस पवित्र यात्रा का लाभ उठा सकें। प्रदेश अध्यक्ष अख्तर आफाक खान, यूथ प्रदेश अध्यक्ष आसिफ शेख, जिला अध्यक्ष इमरान अजहरी, महासचिव ताहिर अली खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी फैयाज खान,, बबलू खान, शाहबाज खान, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।